# डॉ0 श्री अजय कुमार सिंह, माननीय स0वि0प0 से प्राप्त तारांकित प्रश्न सं0–01/208/148 का उत्तर प्रतिवेदन

| प्रश्न | उत्तर प्रतिवेदन |
|---|---|
| क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:–<br>(क) क्या यह सही है कि सुपौल जिले के वीरपुर में कोसी नदी पर स्थित वीरपुर बराज का निर्माण वर्ष 1963 में हुआ था;<br>(ख) क्या यह सही है कि वीरपुर बराज की अनुमानित उम्र सीमा समाप्त हो चुकी है;<br>(ग) क्या यह सही है कि वीरपुर बराज से 6.5 लाख से अधिक जल निःसरण से 30 सितम्बर 2024 को दरभंगा के समीप पश्चिमी कोसी तटबंध टूट गई और जान–माल की क्षति हुई;<br>(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वीरपुर बराज की जगह अधिक क्षमता वाले दूसरे नए बराज के निर्माण एवं पूर्वी व पश्चिमी कोसी तटबंध के ऊँचीकरण एवं मजबूतीकरण का विचार रखती है, यदि हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों नहीं ? | कोशी बराज का निर्माण वर्ष 1963 में किया गया था। सामान्यतः बराज संरचना एवं इसके अवयवों का रूपांकण/निर्माण 50 वर्ष की रूपांकित बाढ़ आवृत्ति एवं लाभ लागत के अनुसार किया जाता है। परन्तु संरचना का भौतिक जीवन काल इससे अधिक लम्बा माना जाता है/देखा गया है। वर्तमान में कोशी बराज ठीक ढंग से क्रियाशील है।<br>वस्तुस्थिति यह है कि कोशी नदी में कोशी बराज से 6,61,295 घनसेक का अप्रत्याशित जलश्राव आने के कारण दिनांक–30.09.2024 को ओभर टॉप होने के फलस्वरूप दरभंगा जिला के भभौल ग्राम के समीप पश्चिमी कोशी तटबंध (घोघरडीहा के नीचे) क्षतिग्रस्त हुआ है, जिसके कारण जलप्लावन से कन्ट्री साईड प्रभावित हुआ है, परन्तु बराज सुरक्षित रहा।<br>बाँध सुरक्षा अधिनियम, 2021 को ध्यान में रखते हुए कोशी बराज एवं इसके अवयवों के हेल्थ स्टेटस की जाँच हेतु सचिव, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली से अनुरोध किया गया है।<br>कोशी नदी में आये अप्रत्याशित जलश्राव के कारण दर्ज जलस्तर के मद्देनजर पूर्वी एवं पश्चिमी कोशी तटबंध के उच्चीकरण एवं मजबूतीकरण हेतु योजना प्राक्कलन गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग, भारत सरकार को समर्पित किया गया है। |

## बिहार सरकार

## जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक–25 / वि0प0प्र0(वी0 / सह0)–06–34 / 2024– / पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– अवर सचिव, बिहार विधान परिषद् सचिवालय, बिहार, पटना को तारांकित प्रश्न सं0–1 / 208 / 148 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0प0प्र0(वी0 / सह0)–06–34 / 2024– / पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0प0प्र0(वी0 / सह0)–06–34 / 2024– / पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0प0प्र0(वी0 / सह0)–06–34 / 2024– 116 / पटना, दिनांक– 10/01/25

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(अनिल कुमार गुप्ता)
सरकार के उप सचिव